अयोध्या में पर्यटन से होगी सालाना 55 हजार करोड़ रुपये की आय

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद हर माह आएंगे दो करोड़ श्रद्धालु

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यहां की अर्थव्यवस्था में भी जबर्दस्त बदलाव आएगा। समारोह के बाद हर माह दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। अगर हर श्रद्धालु यहां कम से कम ढ़ाई हजार रुपये भी खर्च करेगा तो इससे सालाना 55 हजार करोड़ रुपये की आय होगी। उन्होंने मंगलवार को यह जानकारी प्रेसवार्ता में दी।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण से अयोध्या व आसपास के छह जिलों का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। इससे होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, हस्तशिल्प, वस्त्र बेचने आदि के व्यवसाय में लगे कारोबारियों की आय बढ़ेगा। पर्यटन विभाग अयोध्या में 588 करोड़ और धर्मार्थ कार्य विभाग 936 करोड़ रुपये से मूलभूत शेड, शौचालय, साइनेज आदि की सुविधा मिलेगी। रामलला के प्राण

पत्रकारों से बात करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह। -सूचना विभाग

राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

सपा कार्यालय के बाहर 'आ रहे हैं हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम' वाली होर्डिंग के बारे में पूछने पर पर्यटन मंत्री ने कहा कि राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। भगवान राम कण-कण में व्याप्त हैं। जो भी भारतीय उन्हें अपना आदर्श मानता है, वह इस कार्यक्रम में सहभागिता दे।

ये भी खास

- अयोध्या से अहमदाबाद के लिए इंडिगो की फ्लाइट 11 जनवरी से
- होम स्टे के लिए ओयो ने 750 कमरे प्रोजेक्ट किए, ऑनलाइन बुकिंग होगी
- अयोध्या में नेपाल, कंबोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड खोलेंगे अपने गेस्ट हाउस, जमीन मांगी
- 158 नए होटल के लिए प्राइवेट कंपनियों के प्रस्ताव आए, मिलेगी सब्सिडी
- अनूप जलोटा, कैलाश खेर, अनुराधा पौडवाल, एआर रहमान, सोनू निगम आदि प्रस्तुत करेंगे भजन
- सरयू में सांस्कृतिक कला नौका यात्रा का आयोजन होगा, इसमें सांस्कृतिक दल प्रस्तुति देंगे

प्रस्तुति देंगे। अयोध्या में रामकथा आदि कार्यक्रमों की शुरुआत आठ जनवरी